*दिनांक 25.08.2024*
*प्रेस नोट-थाना गजरौला*

***थाना गजरौला पुलिस द्वारा 48 घंटे के अन्दर पैट्रोल पंप से लूट की घटना का किया गया सफल अनावारण, बाद पुलिस मुठभेड 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, लूटा हुआ सामान (04 टयूबलर बड़ी बैटरी, 05 छोटी ड्राई बैट्री व 01 इन्वर्टर) अनुमानित कीमत लगभग ----रुपयें, अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध मो0सा0 बरामद* ।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अमरोहा महोदय श्री कुंवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे वांछित/इनामी अपराधी की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री राजीव कुमार के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा श्री श्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण में थाना गजरौला पुलिस द्वारा पैट्रोल पंप से लूट की घटना का 48 घंटे के अन्दर सफल अनावरण कर बाद पुलिस मुठभेड 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किये गये जिनकी निशानदेही पर लूटा हुआ सामान, अवैध असलाह व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट मो0सा0 बरामद हुई ।

***संक्षिप्त विवरण*:-** अवगत कराना है कि कल दिनांक 25.08.2024 की रात्रि थाना गजरौला पुलिस द्वारा ग्राम ख्यालीपुर से ग्राम मौहम्मदपुर गस्त के दौरान पुलिस गाडी को देखकर भागने का प्रयास कर रहे एक मोटर साईकिल पर सावर 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसमें पुलिस टीम बाल बाल बची । गिरफ्तार अभियुक्तगण 1. दानिश पुत्र इदरीश निवासी ग्राम रुखालू थाना हसनपुर जिला अमरोहा हाल निवासी मौ0 लाल बाग थाना हसनपुर जनपद अमरोहा 2. जोगेन्द्र पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम झुरैरी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा व 3. ओमदत्त पुत्र भीम सैन निवासी ग्राम नवाबपुरा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध असलाह (देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा व खोखा कारतसू 315 बोर) व घटना में प्रयुक्त संदिग्ध बिना नम्बर प्लेट मो0सा0 स्पलैण्डर व निशादेही पर पैट्रोल पंप से लूटा हुआ सामान (04 टयूबलर बड़ी बैटरी, 05 छोटी ड्राई बैट्री व 01 इन्वर्टर) अनुमानित कीमत लगभग ---- रुपयें ग्राम ख्यालीपुर गांव के जंगल की झाड़ियों से बरामद किया गया । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना गजरौला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है । अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

***गिरफ्तार अभियुक्तगण*:-**

1. दानिश पुत्र इदरीश निवासी ग्राम रुखालू थाना हसनपुर जिला अमरोहा हाल निवासी मौ0 लाल बाग थाना हसनपुर जनपद अमरोहा ।
2. जोगेन्द्र पुत्र मूलचन्द निवासी ग्राम झुरैरी थाना हसनपुर जनपद अमरोहा ।
3. ओमदत्त पुत्र भीम सैन निवासी ग्राम नवाबपुरा थाना हसनपुर जनपद अमरोहा ।

***बरामदगी का विवरण*:-**

1. 04 टयूबलर बड़ी बैटरी, 05 छोटी ड्राई बैट्री व 01 इन्वर्टर EXID कम्पनी
2. अवैध असलाह देशी तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा व 01 खोखा कारतूस ।
3. घटना में प्रयुक्त 01 मो0सा0 स्पलैण्डर बिना रजि0न0 व चैसिस नम्बर 04M16F43373

***गिरफ्तार करने वाली टीम*:-**

1. व0उ0नि0 बृजेश कुमार सिंह  थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 प्रवीण कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
3. उ0नि0 विपिन कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
4. का0 622 अजय मलिक थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
5. का0 1224 पंकज थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
6. का0 278 अरुण कुमार थाना गजरौला जनपद अमरोहा।